RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 18 अगस्त 2022 | वर्ष 04 | अंक 107 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
R

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## सीएम शिंदे ने की घोषणा

# देवेंद्र फडणवीस विधान परिषद में सदन के नेता नियुक्त!



**महाराष्ट्र : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को राज्य विधान परिषद में सदन का नेता नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को उनके नाम की घोषणा की। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की ओर से यह घोषणा उस समय की गई जब वो विधान परिषद में विधानसभा के मॉनसून सत्र के पहले दिन अपने कैबिनेट मंत्रियों के बारे में जानकारी दे रहे थे।**

इसके बाद बीजेपी नेता और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद के नव-निर्वाचित सदस्यों का परिचय दिया। देवेंद्र फडणवीस नागपुर से विधानसभा के सदस्य हैं। आमतौर पर विधानसभा में मुख्यमंत्री सदन का नेता होता है और डिप्टी सीएम विधान परिषद का। विधान परिषद में द्रौपदी मुर्मू और जगदीप धनखड़ को क्रमशः राष्ट्रपति और उपाध्यक्ष के रूप में चुने जाने पर बधाई देते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया। महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस सरकार का एक महीने से भी ज्यादा दिनों तक इंतजार के बाद पिछले हफ्ते कैबिनेट विस्तार हो गया। भाजपा के कोटे से 9 मंत्रियों ने शपथ ली। एकनाथ शिंदे के खेमे से भी इतने ही विधायकों ने शपथ ली है। सबसे पहले राधाकृष्ण विखे पाटिल ने शपथ ली और फिर दूसरे नंबर पर भाजपा के ही सीनियर नेता सुधीर मुनगंटीवार ने शपथ ली।

# नवी मुंबई में व्यवसायी के सिर पर हमला कर हत्या...!

## FIR दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**नवी मुंबई :** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में व्यवसायी की हत्या का मामला सामने आया है। इस घटना से सब्जी बाजार में हडकंप मच गया है। यह पूरी घटना एपीएमसी मार्केट में हुई है। मृतक सब्जी व्यवसायी था। उसकी पहचान रामायण लालसा उर्फ गुरदेव उर्फ बाबा के रूप में हुई है। नवी मुंबई के एपीएमसी सब्जी मार्केट में हुई हत्या की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। कहा जा रहा है कि व्यवसायी के सिर पर हमला कर उसे मौत के घाट उतारा गया है। पुलिस को सुचना मिली थी कि सब्जी बाजार के ऊपरी कमरे में एक व्यक्ति मृत पड़ा है। जिसके बाद पुलिस की टीम वहां पहुंची और दरवाजा खोला गया। जहां पुलिस




को लाश मिली।

वहीं पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बाजार के अन्य व्यापारियों का कहना है कि मृतक लेन-देन सिर्फ नकद के तौर पर करता था। साथ ही उसके पास हमेशा कैश ज्यादा रहता था। ऐसे में हो सकता है कि किसी ने पैसों की लालच में उसकी हत्या कर दी हो। सब्जी बाजार में काफी सीसीटीवी होने के कारण पुलिस को उम्मीद है कि आरोपी जल्द गिरफ्तार हो जाएगा। नवी मुंबई के सब्जी मंडी के गाला नंबर 551 उसकी हत्या कर दी गई। इस प्लॉट के मालिक ने मृतक और एक अन्य को प्लॉट लीज पर दिया हुआ है। मृतक रामायण खीरा, गाजर, चुकंदर यहां बेचा करता था। साथ ही यहीं वह पहली मंजिल पर रहता था।

गौरतलब है कि इससे पहले मुंबई से सटे ठाणे के उरण से एक चौकानें वाला मामला सामने आया था। जहां एक शख्स ने चरित्र पर संदेह के कारण उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को अरेस्ट किया था। आरोपी ने अन्य के साथ मिलकर अपनी पत्नी को तालाब में धक्का देकर मार डाला था।

## मुंबई के कांदिवली में गैस पाइप लाइन फटी, गैस का रिसाव होने से इलाके में दहशत



**मुंबई :** मुंबई के उपनगर कांदिवली में बुधवार देर शाम पाइप लाइन फटने से गैस का रिसाव होने से इलाके में रहने वाले स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। बृहन्मुंबई महानगर पालिका के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हालांकि, गैस लीक के कारण किसी व्यक्ति के प्रभावित होने की कोई सूचना नहीं है। बीएमसी के अधिकारी के मुताबिक कांदिवली (पश्चिम) में कल्पना चावला चौक पर शाम करीब सात बजकर 15 मिनट पर गैस पाइपलाइन फट गई। भगवान श्री गणेश की मूर्तियों के विसर्जन के लिए कृत्रिम तालाब की खुदाई का काम जारी होने के दौरान गलती से यह गैस पाइपलाइन टूट गई। गैस पाइपलाइन फटने के कारण स्थानीय लोगों के बीच दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलने पर बीएमसी, महानगर गैस लिमिटेड और पुलिस के कर्मी तुरंत मौके पर पहुंच गए।

# पात्रा चॉल भूमि घोटाले में ईडी ने फिर शुरू की छापेमारी, संजय राउत भी हैं आरोपी

**मुंबई :** पात्रा चॉल घोटाले से जुड़े मामले में ईडी ने मुंबई में एक बार फिर से छापेमारी शुरू कर दी है। बता दें कि इस घोटाले में ही संजय राउत भी आरोपी हैं और फिलहाल जेल में हैं। पिछले दिनों ईडी ने संजय राउत की पत्नी वर्षा राउत को भी पूछताछ के लिए तलब किया था। 60 वर्षीय राउत को ईडी ने 31 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने राउत के घर पर सुबह-सुबह छापा मारा था। करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया था, इसके बाद देर रात उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। अदालत ने उन्हें चार अगस्त तक ईडी की हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद उनकी रिमांड आठ अगस्त तक बढ़ाई गई थी।

**1039.79 करोड़ का है पात्रा चॉल घोटाला**



मुंबई पश्चिमी उपगनर के गोरेगांव स्थित सिद्धार्थ नगर के पात्रा चॉल के 47 एकड़ जमीन पर 672 परिवारों के घरों के पुनर्विकास के लिए साल 2007 में सोसायटी द्वारा महाराष्ट्र हाउसिंग डेवलपमेंड अथॉरिटी (म्हाडा) और गुरू कंस्ट्रक्शन कंपनी के बीच करार हुआ था। इस करार के तहत कंपनी को साढ़े तीन हजार से ज्यादा फ्लैट बनाकर म्हाडा को देने थे। उसके बाद बची हुई जमीन प्राइवेट डेवलपर्स को बेचनी थी। डीएचआईएल के राकेश वधावन, सारंग वधावन, प्रवीण राउत और गुरू आशीष इस कंपनी के निदेशक थे। आरोप है कि कंपनी ने म्हाडा को गुमराह कर पात्रा चॉल की एफएसआई 9 अलग-अलग बिल्डरों को बेच कर 901 करोड़ रुपये जमा किए। उसके बाद मिडोज नामक एक नया प्रोजेक्ट शुरू कर फ्लैट बुकिंग के नाम पर 138 करोड़ रुपये वसूले गए। लेकिन 672 लोगों को उनका मकान नहीं दिया गया। इस तरह पात्रा चॉल घोटाले में 1039.79 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। उसके बाद 2018 में म्हाडा ने गुरू कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया।

गुरु कंस्ट्रक्शन कंपनी के निदेशक रहे प्रवीण राउत, संजय राउत के करीबी हैं। ईडी ने प्रवीण को फरवरी 2022 में गिरफ्तार कर लिया था। बताते हैं कि पात्रा चॉल घोटाले से प्रवीण ने 95 करोड़ रुपये कमाए और वह पैसा अपने रिश्तेदारों और दोस्तों को बांटा था।

# ठाणे में करीब ढाई करोड़ रुपये का हाथी दांत जब्त...!

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने करीब ढाई करोड़ रुपये मूल्य का हाथीदांत जब्त किया है। वहीं, हाथीदांत की तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ठाणे पुलिस की क्राइम यूनिट-क ने मंगलवार को कलवा इलाके से करीब 1.4 किलोग्राम हाथीदांत जब्त किया। अधिकारी ने बताया, ह्यह्यखुफिया सूचना मिली थी कि कुछ लोग हाथीदांत बेचने के लिए कलवा के शिवाजी पार्क आ रहे हैं, जिसके आधार पर पुलिस टीम ने जाल बिछाकर दो लोगों को पकड़ लिया और उनके पास से एक थैला बरामद किया गया। जांच के दौरान, थैले में 34.50 सेंटीमीटर लंबा और आठ सेंटीमीटर चौड़ा हाथीदांत का एक टुकड़ा मिला। उन्होंने बताया, ह्यह्य हाथीदांत पर एक महिला की छवि और कुछ कलाकृतियां उकेरी गई हैं। नीचे के हिस्से में अंग्रेजी के वर्ण और कुछ अंकों के अलावा विदेशी भाषा में कुछ लाल रंग में लिखा है। अधिकारी ने बताया कि कलाकृति उकेरी गई इस हाथीदांत



की कीमत करीब 2.50 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 42 वर्षीय अमित वर्लीकर और 40 वर्षीय सागर पाटिल के तौर पर की गई है। अमित फिटनेस प्रशिक्षक है जबकि सागर पाटिल लॉटरी टिकट बेचने का काम करता है।

अधिकारी ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम-1972 की विभिन्न धाराओं के तहत कलवा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने यह हाथीदांत तारा नामक व्यक्ति से खरीदा था, जिसके बाद उक्त व्यक्ति को पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया गया है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### नया मंत्रिमंडल


31 नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण और दोपहर तक विभागों के बंटवारे की घोषणा बताती है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार ने बीते पांच-छह दिनों में अपना होमवर्क पूरा कर लिया था। बीते 10 अगस्त को ही नई सरकार वजूद में आई है। यह यकीनन सराहनीय है, क्योंकि हाल के वर्षों में जैसी राजनीतिक संस्कृति हमें देखने को मिली है, उसमें किसी भी गठबंधन सरकार के मुखिया के लिए मंत्रिमंडल का गठन सबसे मुश्किल कार्य हो गया है। महाराष्ट्र की ताजा नजीर हमारे सामने है, जहां मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को अपना मंत्रिमंडल बनाने में करीब 40 दिन लग गए और इसके बाद भी उनके खेमे के विधायकों का असंतोष रोज-रोज सुर्खियां बटोर रहा है। जाहिर है, नीतीश कुमार एक अनुभवी राजनेता हैं और लगातार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करते आ रहे हैं, इसलिए शायद उन्हें बहुत मशक्कत नहीं करनी पड़ी। सुखद बात यह है कि उनका मंत्रिमंडल एक समावेशी छवि पेश कर रहा है।

लेकिन यहां से महागठबंधन सरकार की चुनौतियां भी शुरू हो रही हैं। सबसे पहले तो सत्ता से बेदखल हुई भाजपा अब प्रतिपक्ष की भूमिका में अधिक आक्रामक रूप से नई सरकार की किसी चूक पर हमलावर होगी, दूसरी तरफ, आम लोगों की बढ़ी हुई आकांक्षाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का दबाव भी इस सरकार पर अधिक होगा। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 20 लाख नौकरियां व रोजगार देने का जो एलान किया है, वह एक बहुत बड़ी घोषणा है। अगर इस वादेको जमीन पर उतारने में वह कामयाब हुए, तो इससे न सिर्फ बिहार के नौजवानों का भला होगा, बल्कि गठबंधन बदलने के कदम के मुखर आलोचकों को भी जवाब मिल जाएगा। लेकिन यह काम इतना आसान नहीं है। अव्वल तो उनकी सरकार के पास बमुश्किल तीन साल का वक्त रह बचा है। दूसरा, तमाम सरकारी विभागों की रिक्तियों को भरने के लिए राज्य सरकार को भारी आर्थिक संसाधन की दरकार होगी। बदली राजनीतिक स्थितियों में वह केंद्र से उदार सहयोग की अपेक्षा नहीं कर सकती। इसलिए इस सरकार के सभी मंत्रियों को अपने-अपने विभाग में एक ऐसी कार्य-संस्कृति लानी पड़ेगी, जिसमें न सिर्फ त्वरित फैसले हो सकें, बल्कि उनकी तमाम योजनाएं रोजगारोन्मुख हों। सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल पार्टियों की नई सियासी गोलबंदी 2024 के आम चुनाव से प्रेरित है। मगर इन दलों को मुगालते में नहीं रहना चाहिए कि शासन के स्तर पर ठोस प्रदर्शन किए बगैर वे सिर्फ सामाजिक गठजोड़ की बदौलत कामयाब हो जाएंगे। ठीक है, नए मंत्रिमंडल में अति-पिछड़े वर्गों को अच्छा-खासा प्रतिनिधित्व दिया गया है। लेकिन मुख्यमंत्री के पास 36 मंत्री रखने की ही सांविधानिक बाध्यता है, और बिहार में राजनीतिक रूप से जागरूक ऐसी अनेक जातियां हैं, जिन्हें मंत्रिमंडल में नुमाइंदगी नहीं मिली है। कोई भी सरकार सभी जातियों को मंत्री पद नहीं दे सकती। ऐसे में, सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए उन्हें संतुष्ट करने की चुनौती हमेशा रहेगी। बिहार को एक स्थिर और बेहद सक्रिय सरकार की जरूरत है, जो वास्तव में बदलाव का एहसास कराए। जैसा नीतीश कुमार-भाजपा गठबंधन के पहले कार्यकाल में हुआ था। तेजस्वी यादव के पास सीधे जनता से जुड़ने वाले विभाग हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# गाइडलाइन में धूमधाम से मनाओ गणेशोत्सव - मनपा आयुक्त चहल

**मुंबई :** कोरोना महामारी कम होने के साथ ही इस वर्ष गणेशोत्सव का त्योहार खूब धूमधाम से मनाया जाएगा। लोगों में गणेशोत्सव का उत्साह को देखते हुए मनपा ने गणेशोत्सव के नियमों की विवरण पुस्तिका जारी की है। सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडलों और गणेश भक्तों को गणेशोत्सव के इस पुस्तक में दिए गए नियमों का पालन करना अनिवार्य किया गया है। मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल की अगुवाई में 'श्री गणेशोत्सव सूचना पुस्तिका झ २०२२' का प्रकाशन किया गया। इस वर्ष की गणेशोत्सव सूचना पुस्तिका में गणेशोत्सव से संबंधित विभिन्न मामलों की जानकारी दी गई है।



मनपा मुख्यालय में इस अवसर पर पूर्व महापौर निर्मला सामंत-प्रभाववलकर, अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी भिड़े, आशीष शर्मा, पी. वेलरासु, डॉ. संजीव कुमार तथा संयुक्त आयुक्त अजीत कुंभर , संयुक्त आयुक्त, उपायुक्त, निदेशक, लेखा प्रमुख, सहायक आदि लोग उपस्थित थे। पुस्तिका में मुख्य रूप से सामान्य जानकारी, मंडप अनुमति आवेदन का मॉडल, विभिन्न दिशानिर्देश, इस संबंध में जारी परिपत्र, नगर निगम पार्क विभाग के परिपत्र, गणेशोत्सव के दौरान विज्ञापन प्रदर्शित करने के मानदंड, मनपा और अन्य महत्वपूर्ण नियंत्रण कक्षों के संपर्क नंबर, वॉर्डों के नियंत्रण कक्षों के संपर्क नंबर आदि महत्वपूर्ण जानकारी शामिल है।

प्राकृतिक विसर्जन स्थलों का क्षेत्र अनुसार नक्शा, कृत्रिम विसर्जन तालाबों की संभागवार सूची, त्योहारों और समारोहों के लिए सड़कों पर अस्थायी निर्माण की अनुमति देने के संबंध में नीति के महत्वपूर्ण प्रावधान, मूर्ति विसर्जन के दिनों में उच्च ज्वार का समय, समुद्र तट पर सुरक्षा रक्षकों के नंबर आदि की जानकारी दी गई है।

चूंकि इस साल का गणेशोत्सव कोरोना महामारी के प्रतिबंधों के साये से मुक्त होकर मनाया जा रहा है। इसलिए इस साल मनपा दो साल बाद एक बार फिर श्री गणेश गौरव पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया है। यह इस प्रतियोगिता का ३३वां वर्ष होगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लोगों को पुस्तक में दिए गए आवेदन को भरना होगा। उसमें दिए गए सभी नियमों का पालन जरूरी है।

## जहरीली चाय पत्ती, गिरोह को पकड़ा है जो सड़क किनारे बिकनेवाली दुकानों में चाय की पत्ती सप्लाई



**मुंबई :** एक तो आम आदमी रोजाना बढ़ती महंगाई से परेशान है, ऊपर से उपलब्ध सबसे सस्ता पेय चाय भी जहरीली हो गई है। यूपी एटीएस ने एक ऐसे गिरोह को पकड़ा है जो सड़क किनारे बिकनेवाली दुकानों में चाय की पत्ती सप्लाई करता था। यह चाय की पत्ती जहरीली होती है। पुरानी चाय की पत्ती में घातक केमिकल मिलाकर इसे तैयार किया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार यूपी एसटीएफ ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो नकली चायपत्ती बनाता था। नकली चायपत्ती लोगों के लिए इतनी नुकसानदायक है कि इससे कैंसर और दूसरी गंभीर बीमारी हो सकती है। नकली चायपत्ती बेचने के लिए बड़ी चालाकी से ये लोग रेहड़ी-पटरी पर बेचनेवाले चाय की दुकानों को चुना करते थे। एसटीएफ ने ऐसी चायपत्ती बनानेवाले तीन आरोपियों मोहम्मद जैद, दाऊद और तबरेज को गिरफ्तार किया है। सूत्र बताते हैं कि आनेवाले दिनों में यूपी एसटीएफ के निशाने पर कई अवैध चायपत्ती की फैक्ट्री हो सकती हैं। यूपी एसटीएफ सीओ दीपक सिंह ने बताया कि यूपी एसटीएफ ने लखनऊ में एक अवैध चायपत्ती की फैक्ट्री पर रेड किया, तो कई चौंकाने वाली चीजें सामने आईं। इस फैक्ट्री में चायपत्ती बनाने के लिए इस्तेमाल की हुई चायपत्ती, लकड़ी के बुरादे, केमिकल, केसरी, कुछ अच्छी क्वालिटी की चायपत्ती के साथ में कुछ पौधों की पत्ती का इस्तेमाल कर नकली चायपत्ती बनाई जाती थी। अधिकारियों को प्रथम दृष्टया किस पौधे की पत्ती है, ये समझ नहीं आया। लिहाजा पौधे की पत्ती को जांच के लिए लैब भेजा गया है। यूपी एसटीएफ की रेड के दौरान साढ़े ४०० किलो से ज्यादा नकली चायपत्ती और ४५० किलो तक केमिकल बरामद हुए हैं। यूपी एसटीएफ के अधिकारियों के मुताबिक, इस चायपत्ती से आम लोगों को वैंछसर तथा लीवर की गंभीर बीमारी हो सकती है। यूपी एसटीएफ का कहना है कि ये एक बड़ी साजिश है और इनका जांच का दायरा लखनऊ और आसपास के जिले में लगातार बढ़ रहा है। यूपी एसटीएफ को एक ऐसी चेन भी मिली है, जो रेहड़ी पटरी वालों को चायपत्ती की सप्लाई करती थी। आरोपी रेहड़ी-पटरी वालों को ही इस तरीके की अवैध चायपत्ती बेचने के लिए चुनते थे, क्योंकि इन दुकानों पर सुबह नकली चायपत्ती देते थे और शाम तक पूरी चाय पत्ती की खपत हो जाती थी। अगर यह चायपत्ती एक सप्ताह पुरानी हो जाए तो इसमें कीड़े लगने लगते थे और अजीब किस्म की बदबू आने लगती थी, जिसकी वजह से घरों या दुकानों पर बेचने के लिए इनके सेल्समैन टारगेट नहीं करते थे।

## फ्लॉप की ओर बढ़े अक्षय तो आमिर खान का हाल-बेहाल...

### बॉक्स ऑफिस पर साउथ का दबदबा कायम







बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों आमिर खान की 'लाल सिंह चड्ढा' और अक्षय कुमार की 'रक्षा बंधन' ढेर होती दिखाई दे रही है। लाल सिंह चड्ढा' और 'रक्षा बंधन' अपनी रिलीज से पहले से ही विरोध का सामना कर रही थी, जिसका असर साफ तौर पर नजर आ रहा है। आमिर और अक्षय दोनों की फिल्में कमाई के मामले में साउथ की छोटे बजट की फिल्मों के आगे नाकाम साबित हो रही हैं। वीकएंड के बाद से ही दोनों फिल्मों की कमाई दिन ब दिन घटती जा रही है और इन्हें देखने के लिए दर्शकों का टोटा पड़ रहा है। तो चलिए इस रिपोर्ट में जानते हैं कि मंगलवार को किस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बाजी मारी।

लाल सिंह चड्ढा- आमिर खान की 'लाल सिंह चड्ढा' रिलीज से पहले बायकॉट की मांग को लेकर सुर्खियों में रही, तो अब फिल्म के खराब प्रदर्शन से हर कोई हैरान है। चार साल बाद बड़े पर्दे पर आमिर की वापसी का कोई असर नहीं हुआ और फिल्म का हाल बेहाल हो गया है। 180 करोड़ में बनी फिल्म का कलेक्शन दिन-ब-दिन घटता जा रहा है। सामने आए शुरूआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म ने मंगलवार को महज 2.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। ऐसे में छह दिन बाद भी फिल्म की कमाई 50 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं कर पाई है और 48.33 करोड़ रुपये पर सिमट गई है।

रक्षा बंधन- 'रक्षा बंधन' के साथ साल में तीसरी बार बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाले अक्षय कुमार की इस फिल्म का हाल भी उनकी पहली रिलीज दो फिल्मों जैसे होने के आसार लग रहे हैं। फिल्म को दर्शकों का टोटा पड़ रहा है और ऐसे में इसकी बॉक्स ऑफिस पर कमाई भी कुछ खास नहीं हो रही हैं। शुरूआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म ने मंगलवार को 2.10 करोड़ रुपये कमाए है।, वहीं सोमवार के फिल्म की कमाई 6.31 करोड़ रही थी। फिल्म का छह दिन बाद कुल कलेक्शन 36.57 करोड़ रुपये हो गया है।

कार्तिकेय 2- चंदू मोंडेटी द्वारा निर्देशित 'कार्तिकेय 2' रिलीज के बाद से ही आमिर खान की 'लाल सिंह चड्ढा' को कड़ी टक्कर दे रही है। सुपरस्टार निखिल सिद्धार्थ की फिल्म 'कार्तिकेय 2' तेलुगू के साथ ही हिंदी भाषा में भी रिलीज हुई है, जिसे दर्शकों का बढ़िया रिस्पांस मिल रहा है।



# मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी की चार्जशीट के बाद आर. माधवन जैकलीन फर्नांडीस को लेकर क्या बोले? 'उम्मीद करता हूं वो..'

तिहाड़ जेल में बंद आरोपी सुकेश चंद्रशेखरन द्वारा 215 करोड़ रुपये की उगाही और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जैकलीन फर्नांडीस पर ईडी द्वारा दायर की गयी चार्जशीट को लेकर जब अभिनेता आर. माधवन से सवाल पूछा गया तो उन्होंने बेहद संक्षिप्त सा जवाब दिया.

आर. माधवन से पूछा गया था कि, 215 करोड़ के घोटाले में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस का नाम सामने आया है, तो क्या ऐसे में आपको लगता है कि इससे फि ल्म इंडस्ट्री की छवि खराब हो रही है? इस सवाल के जवाब में आर माधवन ने कहा, ''मैं उम्मीद करता हूं कि वो (जैकलीन) जल्द ही मुसीबत से बाहर आ जाएंगी. मुझे नहीं लगता है कि इससे इंडस्ट्री की छवि खराब हो रही है. सच्चाई ये है कि हमारी फिल्म बिरादरी में टैक्स से जुड़ी छापेमारी कम ही होती है. यहां सब पूरी ईमानदारी के साथ काम करते हैं. मुझे नहीं लगता है कि इससे फिल्म इंडस्ट्री पर कोई प्रभाव पड़ेगा. अधिक टैक्स चुकानेवालों में इस इंडस्ट्री से ताल्लुक रखते हैं.''





आपको बता दें कि आर. माधवन ने ये सब अपनी आगामी फिल्म 'धोखा : राउंड द कॉर्नर' के टीजर लॉन्च के मौके पर कही, जिसमें वो एक अहम रोल में नजर आएंगे. इससे पहले, ईडी द्वारा मनी लॉन्ड्री मामले में जैकलीन के खिलाफ दायर की गयी सप्लिमेंट्री चार्जशीट के बाद अभिनेत्री ने इंस्टा पोस्ट में अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए लिखा - डियर मी, मैं हर एक अच्छी चीज डिसर्व करती हूं. मैं ताकतवर हूं, मैं खुद को स्वीकार करती हूं. सब ठीक हो जाएगा. मैं दृढ़निश्चयी हूं. मैं अपने सारे लक्ष्यों और सपनों को साकार कर लूंगी. मैं कर सकती हूं.''

बहरहाल, 'धोखाः राउंड द कॉर्नर' फिल्म में आर. माधवन के अलावा 'द कश्मीर फाइल्स' फेम अपारशक्ति खुराना, खुशाली कुमार मुख्य भूमिकाओं में हैं और फिल्म का निर्देशन कुकी गुलाटी और इसे प्रोड्यूस टी सीरीज ने किया है. यह फि ल्म 23 सितंबर, 2022 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी.

# डोनाल्ड ट्रंप ने FBI पर लगाया पासपोर्ट चोरी का आरोप, बोले- जल उठेगा वर

**अमेरिका :** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया है कि एफबीआई ने उनके पासपोर्ट चुरा लिया है। एफबीआई ने पिछले सप्ताह उनके ठिकानों पर छापा मारा था। डोनाल्ड ट्रंप ने एक ट्वीट में लिखा कि मार-ए-लागो पर छापे के दौरान एफबाआई ने उनके तीन पासपोर्ट चुरा लिए हैं। उन्होंने इस छापेमारी को भी राजनीतिक साजिश कहा है। उन्होंने कहा कि डेमोक्रेट्स नहीं चाहते कि वह फिर से राष्ट्रपति का चुनाव लड़ें।ट्रंप ने यह भी कहा कि अगर वह खुद अपने समर्थकों को शांत नहीं करेंगे तो पूरा देश जल



उठेगा। वहीं डोनाल्ड ट्रंप के ठिकाने पर छापेमारी के बाद उनके समर्थकों में गुस्सा है और वे सिविल वॉर की धमकी देने लगे हैं। डोनाल्ड ट्रंप पर आरोप है कि वाइट हाउस छोड़ते वक्त वह कई सारे गुप्त दस्तावेज अपने साथ ले गए थे। इसी को लेकर एफबाआई ने छापेमारी की। हालांकि एफबाआई के हाथ कोई ऐसा दस्तावेज नहीं लगा है।एजेंसी का कहना हैकि जांच अभी जारी है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, देश बहुत ही खतरनाक स्थिति में है। ऐसा गुस्सा मैंने कभी पहले नहीं देखा। बता दें कि पिछले सप्ताहांत ट्रंप के बहुत सारे सपोर्टर कई जगहों पर हथियार लेकर भी इकट्ठा हुए थे। इसके बाद सरकार ने सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप पर यह भी आरोप है कि वाइट हाउस छोड़ने से पहले उन्होंने कई दस्तावेज टॉइलट में फ्लश कर दिए थे। इस वजह से टॉइलट चोक भी होगया था। हालांकि डोनाल्ड ट्रंप ने ऐसे सभी आरोपों को खारिज किया है। लेकिन इसको लेकर एजेंसियां लगातार छापेमारी कर रही हैं।

# आदित्य ठाकरे का शिंदे सरकार से सवाल- इस असंवैधानिक और अवैध सरकार में असली सीएम कौन?

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की महाविकास अघाड़ी सरकार में मंत्री रहे आदित्य ठाकरे ने राज्य में बनी नई नवेली सीएम एकनाथ शिंदे कैबिनेट पर तंज कसा है और सवाल पूछा है. आदित्य ठाकरे ने पूछा कि दुर्भाग्यवश भारत के वित्तीय महाशक्ति मुंबई और महाराष्ट्र की कैबिनेट में शांति छाई है, कोई बोलने वाला नहीं, किसी की आवाज नहीं सुनाई दे रही है. सत्तारूढ़ दल में महिला विधायकों की अच्छी संख्या रहते हुए कैबिनेट में कोई महिला मंत्री नहीं है. आखिर इस असंवैधानिक और अवैध सरकार में असली मुख्यमंत्री कौन है?



**20 मंत्रियों की बनी है शिंदे कैबिनेट**

महाराष्ट्र में चले सियासी ड्रामे के बाद उद्धव सरकार से बगावत कर भाजपा संग जाकर नई सरकार बनाने वाले एकनाथ शिंदे की कैबिनेट के मंत्रियों ने आखिरकार 40 दिन के इंतजार के बाद बीते मंगलवार को पद की शपथ ली है. शिंदे की नई कैबिनेट में नौ मंत्री शिवसेना के और नौ भाजपा के कोटे से बनाए गए हैं. इस तरह से शिंदे की इस कैबिनेट में मुख्यमंत्री समेत कुल मंत्रियों की संख्या अब 20 हो गई है.

**शिंदे कैबिनेट में एक भी महिला मंत्री नहीं**

कैबिनेट में सीएम शिंदे को महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड, एमआरडीसी और शहरी विकास विभाग की जिम्मेदारी मिली है तो वहीं उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को गृह और वित्त मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है. चंद्रकांत पाटिल उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग तो सुधीर मुनघनीतवार वन विभाग के मंत्री बनाए गए हैं. है. सबसे बड़ी बात ये है कि शिंदे कैबिनेट में किसी भी महिला नेता को मंत्री नहीं बनाया गया है.

# ठाणे-दिवा मार्ग पर ७ महीने में १४७ लोगों ने गंवाई जान

**मुंबई :** मुंबई के उपनगरीय रेल मार्ग पर औसतन ८ से १० लोगों की मौत रोजाना रेल हादसे में होती है। इन हादसों पर काबू पाने के लिए रेलवे बंद दरवाजा लोकल, ट्रेस पासिंग कंट्रोल सहित कई योजनाओं पर काम कर रही है, परंतु मुंबई के उपनगरीय मार्ग पर मौत का सिलसिला जारी है। मध्य रेलवे के ठाणे-दिवा मार्ग पर होनेवाले हादसों की अगर बात करें तो जनवरी से जुलाई के बीच इस कॉरिडोर पर १४७ लोगों की मौत विभिन्न रेल हादसों में हुई है।

ऐसे में लोकल यात्री कह रहे हैं कि ठाणे-दिवा कॉरिडोर 'मौत का कॉरिडोर' बनता जा रहा है। लोकल में अधिक भीड़ के कारण ट्रेन से




गिरकर होनेवाले हादसों को देखते हुए पांचवी-छठी लाइन पर लोकल चलाने की मांग रेल यात्री कर रहे हैं।

बता दें कि ठाणे लौहमार्ग पुलिस के अंतर्गत कलवा, मुंब्रा, दिवा और एरोली स्टेशन आते हैं। जहां पर पिछले ७ महीने में १४७ लोगों की मौत हुई है, जबकि भीड़ की अगर बात करें तो ठाणे, डोंबिवली और कल्याण के अंतर्गत आनेवाले स्टेशनों पर सबसे अधिक भीड़ होती है। डोंबिवली स्टेशन के अंतर्गत होनेवाले हादसों की अगर बात करें तो जनवरी २०२२ से अगस्त के पहले सप्ताह तक ८५ लोगों की विभिन्न हादसों में मौत हुई है।

ठाणे रेल यात्री संघ के अध्यक्ष नंद कुमार देशमुख का कहना है कि रेलवे ने ट्रेन से गिरकर होने वाले हादसों को रोकने के लिए बंद दरवाजा एसी लोकल चलाने की योजना बनाई है। पांचवीं-छठी लाइन बनकर तैयार है। इस पर केवल माल गाड़ी चलाई जा रही है। खाली समय में लोकल ट्रेनें चलाई जा सकती हैं, ताकि इस रूट पर लोकल ट्रेनों में भीड़ न हो सके लेकिन रेलवे सिर्फ और सिर्फ आश्वासन ही देती है। हमारी मांग है कि पांचवीं-छठी लाइन पर लोकल ट्रेन चलाई जाए, ताकि लोकल में भीड़ कम हो और लोगों की जान बचे।

# महाराष्ट्र में रेल हादसा, पैसेंजर ट्रेन और माल गाड़ी के बीच हुई टक्कर, कई यात्री घायल...!

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के गोंदिया में मंगलवार देर रात 2.30 बजे पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच में टक्कर होने से 50 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। इस हादसे में पैसेंजर ट्रेन की तीन बोगी पटरी से उतर गई। घायलों को नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। रेलवे के हवाले से बताया है कि एक ही ट्रैक पर दोनों ट्रेनों के आने के चलते ये हादसा हुआ है। ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस पैसेंजर ट्रेन आगे निकली थी। जैसे



ही गोदिंया पहुंची वैसे ही वहां एक ही पटरी पर खड़ी मालगाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि टेक्निशियन की तरफ से सही सिग्नल नहीं मिलने के कारण यह हादसा हुआ है। 50 से अधिक यात्री घायल हुए हैं और 13 को मामूली चोटें हैं।

# बांद्रा पूर्व के म्हाडा मुख्यालय में राष्ट्रगान का सामूहिक गायन



**मुंबई :** भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देश भर में स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसी पृष्ठभूमि में महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य में 'स्वराज्य महोत्सव' की पहल की जा रही है और इस पहल के तहत महाराष्ट्र आवास और क्षेत्र विकास प्राधिकरण के म्हाडा मुख्यालय में बड़े उत्साह के साथ एक सामूहिक राष्ट्रगान गायन कार्यक्रम म्हाडा मुख्यालय में आज सुबह 11.00 बजे बांद्रा पूर्व में संपन्न हुआ।

'म्हाडा' के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री. अनिल दिग्गीकर, मुख्य अधिकारी, मुंबई भवन मरम्मत एवं पुनर्निर्माण बोर्ड श्री. अरुण डोंगरे, म्हाडा-1 के मुख्य अभियंता श्री. धीरज कुमार पांडिरकर, मुख्य अभियंता-2 श्री. सुनील जाधव, म्हाडा के सचिव श्री. राजकुमार सागर, सतर्कता एवं सुरक्षा अधिकारी श्री. संजय शिंदे और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ म्हाडा के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## ट्वीट ने मचाई राजनीति में खलबली

# जल्द ही जेल जाएगा राकांपा का एक बड़ा नेता: कंबोज

**मुंबई:** भाजपा नेता मोहित कंबोज के लगातार ट्वीट से महाराष्ट्र की राजनीति में खलबली मच गई। कंबोज ने अपने पहले ट्वीट में कहा कि जल्द ही राष्ट्रवादी कांग्रेस का बड़ा नेता नवाब मलिक और अनिल देशमुख से मिलेगा। उनके इस ट्वीट के बाद राकांपा नेता के नाम को लेकर कयास लगने शुरू हो गए। दूसरे ट्वीट में कंबोज ने कहा कि राज्य में सिंचाई घोटाले की फिर से जांच होनी चाहिए। इस घोटाले की फाइल परमबीर सिंह के कार्यकाल के दौरान वर्ष 2019 में बंद हो गई थी। तीसरे ट्वीट में उन्होंने थोड़ी विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि जल्द ही वे राकांपा के एक बड़े नेता का पदार्फाश करेंगे और उनकी भारत में संपत्ति, देश के



बाहर की संपत्ति, बेनामी कंपनी, नेता की गर्लफ्रेंड के नाम की संपत्ति, नेता के मंत्री पद पर रहते हुए किए गए भ्रष्टाचार, उसके परिवार के नाम की संपत्ति का खुलासा करेंगे। कंबोज ने कहा कि वे जल्द ही इस संबंध में एक प्रेस कांफ्रेंस लेकर जानकारी देंगे।

मोहित कंबोज के ट्वीट सामने आने के बाद राकांपा नेता के नाम को लेकर कयास लगने शुरू हो गए। ट्वीटर पर कुछ लोगों ने अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल के नाम लिखे। इनमें अजित पवार को नाम को लेकर ज्यादा चर्चा हो रही है, क्योंकि कंबोज ने सिंचाई घोटाले की फिर से जांच कराने की मांग की है। बता दें कि राकांपा के दो नेता नवाब मलिक और अनिल देशमुख पहले से ही जेल में हैं, दोनों महाविकास आघाड़ी सरकार में मंत्री थे। वहीं हाल ही में ईडी ने शिवसेना के राज्यसभा सांसद और प्रवक्ता संजय राऊत को गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

**खत्म हो चुका है सिंचाई घोटाले का विषय: सुले**

मोहित कंबोज के ट्वीट पर राकांपा सांसद सुप्रिया सुले ने भाजपा को ताना मारते हुए कहा कि अमित शाह को इस ट्वीट की जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश सोशल मीडिया से नहीं चलता। सभागृह से चलता है। ईडी स्वायत्त है तो इस तरह की जानकारी बाहर कैसे आ जाती है? उन्होंने कहा कि सिंचाई घोटाले की जांच का विषय खत्म हो गया है। अब इस विषय को फिर से बाहर निकाला जा रहा है। ऐसे में मैं इस सवाल का जवाब नहीं दे सकती।

# कोरोना मामलों में दोगुना उछाल, आधे से ज्यादा मरीज मुंबई में मिले...!



**मुंबई :** महाराष्ट्र पर एक बार फिर कोरोना का खौफ मंडरा रहा है. राज्य में बुधवार को कोरोनावायरस के 1800 नए मामले दर्ज किए गए, इसमें से आधे से अधिक मामले महानगर मुंबई के हैं. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, राज्य में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के कारण छह लोगों को जान गंवानी पड़ी है. स्वास्थ्य विभाग की बुलेटिन के अनुसार, इन ताजा मामलों के साथ ही राज्य में कोविड-19 के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 80,76,165 तक पहुंच गई है जबकि राज्य में अब तक 1,48,180 लोगों की मौत संक्रमण से हुई है. राज्य में मंगलवार को 836 केस दर्ज हुए थे और दो लोगों की मौत कोरोना के चलते हुई थी. राज्य के मीरा भायंदर, नासिक, पिंपरी-चिंचवाड़ और सतारा जिले में एक-एक व्यक्ति की मौत कोरोना से हुई है.

राज्य में केस मृत्यु दर 1.83 फीसदी है जबकि रिकवरी दर 98.02 फीसदी थी. विज्ञप्ति के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 2182 मरीजो कोरोना संक्रमण से उबरे इसके साथ ही राज्य में रिकवर लोगों की कुल संख्या 79,16,615 हो गई. राज्य में इस समय कोरोना के 11, 370 एक्टिव केस हैं . राज्य में पिछले 24 घंटों में 22,953 कोरोना टेस्ट हुआ, टेस्ट की कुल संख्या 8,37,01,554 तक पहुंच गई है.

उधर, देश में भी कोरोना के केसों में कुछ वृद्धि देखने को मिली है. देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 9062 नए मामले दर्ज किए गए वहीं बीते दिन कोरोना के 8813 मामले सामने आए थे. इस लिहाज से आज कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई. पिछले 24 घंटे में 15,220 मरीज कोरोना से उबरे. जिसके बाद कोरोना से ठीक होने वालों का आंकड़ा 4,36,54,064 तक पहुंच गया. भारत में कोरोना के एक्टिव लोड की संख्या 1,05,058 है. वहीं सक्रिय मामले 0.24% हैं. जबकि रिकवरी दर वर्तमान में 98.57 प्रतिशत है. पिछले 24 घंटों में कोरोना के 3,64,038 परीक्षण किए गए. जिसके बाद कोरोना के कुल परीक्षण का आंकड़ा 88.10 करोड़ तक पहुंच गया.

# 'मेरी भी हत्या हो सकती है, पाकिस्तानी धर्मगुरु खादिम रिजवी मुझे मारना चाहता था'

## लेखिका तसलीमा नसरीन का दावा...!

लेखिका तसलीमा नसरीन ने बुधवार को दावा किया कि एक पाकिस्तानी धार्मिक नेता अल्लामा खादिम हुसैन रिजवी उन्हें मारना चाहता था। तसलीमा ने कहा कि रिजवी ने पाकिस्तानी चरमपंथियों को उन्हें मारने के लिए प्रेरित किया। बांग्लादेश में पैदा हुईं लेखिका तसलीमा नसरीन के खिलाफ कथित इस्लाम विरोधी टिप्पणियों के लिए अतीत में कई फतवे (मौत की सजा) जारी हो चुके हैं। तसलीमा नसरीन ने ट्विटर पर धर्मगुरु का एक वीडियो भी शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा, ''यह धर्मगुरु मुझे मारना चाहता था और उसने इस्लाम के नाम पर लाखों पाकिस्तानी चरमपंथियों को मुझे मारने के लिए प्रेरित किया। यह दावा कर रहा है कि इसने मेरी किताब पढ़ी है, लेकिन मैं निश्चित रूप से कह सकती हूं कि इसने ऐसा नहीं किया। यह झूठ बोल रहा था।''

शुक्रवार को लेखक सलमान



रुश्दी पर चाकू से हमले के बाद तसलीमा ने कहा था कि उनकी भी हत्या हो सकती है। गौरतलब है कि मुंबई में जन्मे विवादास्पद लेखक रुश्दी को ''द सैटेनिक वर्सेज'' की रचना करने के बाद कई वर्षों तक इस्लामी चरमपंथियों से जान से मारने की धमकियों का सामना करना पड़ा। उन्हें शुक्रवार को अमेरिका के न्यूयॉर्क में 24 वर्षीय एक युवक ने एक कार्यक्रम में चाकू मार दिया। रुश्दी ने जिस खतरे का सामना किया, उसी तरह निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन को भी धमकियों का सामना करना पड़ा।

अपनी किताब ''लज्जा'' पर प्रतिबंध और बाद में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए फतवे का सामना करने के बाद 59 वर्षीय नसरीन पिछले 27 वर्षों से निर्वासन में रह रही हैं। उन्होंने रुश्दी पर हमले की निंदा करते हुए कई ट्वीट किए। उन्होंने दुनिया भर में इस्लाम की आलोचना करने वाले किसी भी व्यक्ति के जीवन के लिए खतरे की आशंका जताई।

नसरीन ने ट्वीट किया, ''मुझे पता चला है कि न्यूयॉर्क में सलमान रुश्दी पर हमला किया गया। मैं स्तब्ध हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसा होगा। वह पश्चिमी देश में रह रहे हैं, और उन्हें 1989 से सुरक्षा मिली हुई है। अगर उन पर हमला हो सकता है तो इस्लाम की आलोचना करने वाले किसी पर भी हमला हो सकता है। मैं बेहद चिंतित हूं।'' उन्होंने कहा, 'सलमान रुश्दी पर अमेरिका में हाई लेवल सिक्योरिटी के बावजूद हमला हो गया। पश्चिमी देशों की सिक्योरिटी दुनिया में सबसे बेहतरीन है। अगर रुश्दी पर हमला हो

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैजल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नंबर 3-4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नंबर 12, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई - 63 से छपवाकर रूम नंबर 15 रमजान बिन 17- सी, वंजावडी, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016 से प्रकाशित किया . संपर्क कार्यालय 1 ए, ग्राउंड फ्लोर, साहिल मेन्शन, बालमिया लेन, माहिम (वेस्ट), मुंबई - 400016. मोबाइल नंबर 9987775650 व्हाट्सएप नंबर 9987775650 ईमेल- editor@rokthoklekhaninews.com -किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मुंबई होगा!